हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 मार्च, 2026, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है क्योंकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के एक बड़े हिस्से की पूर्ति पश्चिम एशिया से ही होती है। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय के साथ भारत के संबंधों, तमाम देशों से मिल रहे सहयोग और पिछले दशक में भारत के अभ्युदय के कारण देश इस परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हुआ है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि कोविड काल की तरह, मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा।

प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे सामूहिक रूप से इस चुनौती का मुकाबला करें। श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे के राजनीतिकरण से बचना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, क्योंकि यह देश के युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने ज्ञान भारतम् सर्वेक्षण की चर्चा की जो भारत की महान संस्कृति और धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए जन-भागीदारी की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देशभर से पांडुलिपियों के संबंध में सूचना जुटाना है। प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया कि जिन लोगों के पास पांडुलिपि या इसके बारे में सूचना हो, वे इसे ज्ञान भारतम ऐप पर साझा करें।

उन्होंने कहा कि अब तक हज़ारों पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं और प्रत्येक प्रविष्टि का सत्यापन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के नमसाई के चाओ नान्तिसिंध लोकांग ने ताई लिपि और अमृतसर के अमित सिंह राणा ने गुरमुखी में उपलब्ध पांडुलिपि साझा की है। कुछ संगठनों ने ताड़पत्र पर

लिखी पांडुलिपियां उपलब्ध कराई हैं। ज्ञान भारतम् सर्वेक्षण इस वर्ष मध्य जून तक जारी रहेगा। श्री मोदी ने सर्वेक्षण के ज़रिए अपनी-अपनी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को साझा करने की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में संपन्न टी-20 क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कर्नाटक के हुबली में, जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के रणजी ट्रॉफी जीतने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।